**प्रेरणा**
गुस्से में कभी गलत मत बोलो,
मूड तो ठीक हो ही जाता है,
पर बोली हुई बातें वापस नही आती !

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 21 APRIL TO 27 APRIL 2023 • VOLUME 39 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863



Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD

CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply


## हमें राजनीति नहीं, गारंटियां पूरी करनी आती हैं : केजरीवाल

### मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा- हमने अपने सभी बड़े वादे पूरे किए

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर




आम आदमी पार्टी (आप) ने जालंधर में अपने उपचुनाव उम्मीदवार सुशील कुमार रिंकू के पक्ष में गुरुवार को एक विशाल जनसभा आयोजित की। जनसभा में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत शामिल हुए।

जनसभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान जालंधर सहित पंजाब के लोगों ने आम आदमी पार्टी को खुले दिल से वोट किया था। लोगों ने "आप" के 92 विधायक चुने और भगवंत मान को मुख्यमंत्री बनाया। आप सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रही है।

उन्होंने कहा कि पंजाब में आप सरकार ने सिर्फ एक साल में अपने सभी बड़ी गारंटियों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि हमें राजनीति करनी नहीं आती, लेकिन मैं कहता हूं कि हम यहां राजनीति करने नहीं लोगों की सेवा करने के लिए आए हैं। परंपरिक पार्टियां अपने चुनावी वादे आखरी एक साल में पूरे करती है, हमने पहले साल में ही पूरे कर दिए।

केजरीवाल ने जीरो बिजली बिल का जिक्र करते हुए कहा कि जब हमने इस गारंटी का ऐलान किया था तो विपक्षी पार्टियां इसे नामुमकिन कहती थीं, लेकिन हमने सरकार बनने के पहले तीन महीनों मे ही अपना यह वादा पूरा किया। अब पंजाब के 80 फीसदी घरों में जीरो बिजली बिल आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में अब भ्रष्टाचार और माफिया राज पूरी तरह खत्म हो चुका है। पहले जो पैसा पारंपरिक दलों के भ्रष्ट नेताओं की जेब में जा रहा था, वह अब पंजाब के खजाने में जा रहा है। इसके कारण सरकारी विभागों का राजस्व भी बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि जालंधर में 38 मोहल्ला क्लीनिक खुल चुके हैं और जल्द ही चुनाव के बाद और खोले जाएंगे। उन्होंने जालंधर में पीजीआई चंडीगढ़ के स्तर का एक बड़ा अस्पताल बनाने का वादा किया, ताकि लोगों का बिना किसी परेशानी के इलाज हो सके। उन्होंने 28 हजार सरकारी नौकरी देने और 25 हजार कर्मचारियों को नियमित करने के लिए मान सरकार की सराहना की और कहा कि अगले चार साल में लाखों युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने कहा की अगर आपको काम करवाने हैं तो आम आदमी पार्टी को वोट देना अगर लड़ाई करवानी है तो कांग्रेस को वोट दे देना।

अरविंद केजरीवाल से पहले आप पंजाब के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जालंधर के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव न तो सरकार बदलने वाला है और न ही सरकार बनाने वाला है, लेकिन आप को वोट देने का मतलब इतिहास रचना होगा। उन्होंने कहा कि आपने पंजाब में 92 विधायक चुने, दिल्ली की जनता ने आप के 63 विधायक चुने, हमारे पास 10 राज्यसभा सदस्य हैं, लेकिन अब जालंधर के पास लोकसभा सदस्य चुनने का मौका है। उन्होंने आगे कहा की मैंने 2014 से 22 तक संसद में जनता के मुद्दे उठाए, फिर आपने मुझे अपना मुख्यमंत्री चुना। अब आपको बस आप उम्मीदवार को वोट देना है, मैं सुशील रिंकू को सिखाऊंगा कि कैसे लोगों के मुद्दों को उठाना है और पंजाब के कामों को संसद में कैसे करवाना है।

## पंजाब सरकार ने सरकारी दफ़्तरों का समय बदला

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब सरकार द्वारा पंजाब और चंडीगढ़ में स्थित अपने सभी दफ्तरों के समय में बदलाव किया गया है। यह फ़ैसला अत्यधिक गर्मी के दौरान बिजली की खपत को घटाने और दफ्तरों में बेहतर तालमेल और नियंत्रण को यकीनी बनाने के लिए लिया गया है।

अब 2 मई, 2023 से सभी सरकारी दफ़्तर प्रातःकाल 07:30 बजे खुलेंगे और दोपहर 02:00 बजे बंद होंगे। यह समय सारणी 15 जुलाई, 2023 तक लागू रहेगी। यह बदला नया समय क्षेत्रीय दफ़्तरों, सिवल सचिवालय और अन्य मुख्य दफ़्तरों समेत सभी दफ़्तरों में एकसमान लागू होगा।

गर्मियों में बिजली की माँग बहुत ज़्यादा होती है। इसको ध्यान में रखते हुये दफ़्तर खुलने के समय में बदलाव किया गया है जिससे बिजली की खपत में काफ़ी कमी आने की उम्मीद है।

पंजाब सरकार की तरफ से दफ्तरों के कामकाज को सुचारू ढंग से चलाने के लिए सभी मुलाजिमों को सहयोग देने और नये समय की पालना करने के लिए कहा गया है। सरकार ने लोगों को भी अपील की है कि वह सरकारी दफ्तरों के बदले हुए नये समय का ध्यान रखें और उस अनुसार ही अपने कामकाज के लिए सरकारी दफ्तरों में पहुँच करें।

## महिला का 'मानव बलिदान' करने की कोशिश के दोष अधीन दो व्यक्ति गिरफ़्तार

*मुलजिम रातों-रात अमीर बनना चाहते थे, तांत्रिक ने 'मानव बलिदान' करने के लिए उकसाया : आई. जी. पी. गुरप्रीत भुल्लर*

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**



पंजाब पुलिस ने आज दो व्यक्तियों को गिरफ़्तार करके एक अधेड़ उम्र की महिला के 'मानव बलिदान' की कोशिश सम्बन्धी सनसनीखेज़ मामले को सुलझा लिया। उक्त दोषियों की तरफ से अमीर बनने की इच्छा रखते हुये जादू-टोने के हिस्से के तौर पर पीड़ित महिला का कत्ल करने की कोशिश की गई थी। रोपड़ रेंज के इंस्पेक्टर जनरल आफ पुलिस गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पकड़े गए दोनों मुलजिमों की पहचान कुलदीप सिंह उर्फ कीपा और जसवीर सिंह उर्फ जस्सी, दोनों निवासी गाँव फिरोजपुर, फ़तेहगढ़ साहिब के तौर पर हुई है। पुलिस ने मुलजिमों के कब्ज़े में से जुर्म में इस्तेमाल किया एक हीरो डीलक्स मोटरसाईकल (पीबी बी 2187) और हंसिया भी बरामद किया है।

जानकारी अनुसार फ़तेहगढ़ साहिब के गाँव फरौर की एक 50 साला महिला बलवीर कौर बुधवार प्रातः काल गाँव फिरोजपुर में नहर के नज़दीक खेतों में बुरी तरह ज़ख़्मी हालत में पड़ी मिली थी। पीड़िता अब खतरे से बाहर है और वह पी. जी. आई. चंडीगढ़ में उपचाराधीन है।

## विजीलैंस ब्यूरो द्वारा सीडीपीओ और उसका चपड़ासी 20,000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो द्वारा राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाई मुहिम के दौरान आज गुरूवार को फतेहगढ़ साहिब में तैनात बाल विकास प्रोजैक्ट अफ़सर (सीडीपीओ) अंजू भंडारी और उसके चपड़ासी बलिहार सिंह को 20,000 रुपए की रिश्वत मांगने और हासिल करते हुये रंगे हाथों काबू कर लिया गया।

विजीलैंस ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त सीडीपीओ और उसके चपड़ासी को फतेहगढ़ साहिब जिले के गाँव रिउना नीवां की रहने वाली ममता की शिकायत पर गिरफ़्तार किया गया है। अन्य विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि उक्त शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके दोष लगाया कि उपरोक्त दोनों कर्मचारियों ने आंगनवाड़ी हैल्पर के खाली पद पर उसको नौकरी पर रखने के बदले 35,000 रुपए रिश्वत के तौर पर देने की माँग की है जिसके लिए उसने पहले ही आवेदन दिया हुआ है। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद विजीलैंस ब्यूरो की एक टीम ने जाल बिछा कर दोनों दोषी मुलजिमों को दो सरकारी गवाहों की हाज़िरी में शिकायतकर्ता से रिश्वत के तौर पर 20,000 रुपए लेते हुये मौके पर ही गिरफ़्तार कर लिया। इस सम्बन्ध में विजीलैंस ब्यूरो के पुलिस थाना पटियाला रेंज में दोनों मुलजिमों के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया गया है।

## जालंधर में भी आम आदमी पार्टी का हाल संगरूर वाला होगा: डॉ. राज कुमार वेरका

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राज कुमार वेरका ने लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा चुनाव कार्यालय लाजपत नगर में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी पर बरसते हुए कहा कि जो हाल आम आदमी पार्टी का संगरूर लोकसभा चुनाव में हुआ है वही हाल इनका जालंधर के इस लोकसभा चुनाव में होगा। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया सचिव जनार्दन शर्मा, अमरजीत सिंह अमरी, रमन पब्बी, मनोज अग्रवाल व अमित भाटिया उपस्थित थे।

डॉ. राज कुमार वेरका ने कहा कि आम आमी पार्टी के पास पंजाब में 92 विधयाक हैं, लेकिन फिर भी मुख्यमंत्री भगवंत मान की अपनी संगरूर लोकसभा की सीट हार जाना मुख्यमंत्री भगवंत मान और उनकी पार्टी के लिए बहुत ही शर्म की बात है। आम आदमी पार्टी को जालंधर में चुनाव लड़ने के लिए कोई चेहरा तक नहीं मिला। आम आदमी पार्टी को क्यूँ एक कांग्रेसी को अपना उम्मीदवार बनाना पड़ा और वो भी चुनाव हारा हुआ? जनता सब कुछ देख और समझ रही है। भाजपा निश्चित तौर पर जमीनी तौर पर बहुत मजबूत है और पार्टी पूरी मजबूती के साथ रणनीति बनाकर यह चुनाव लड़ रही है।

## मुख्तार अंसारी पर हुए खर्चे की फाइल मुख्यमंत्री ने वापस भेजी

### मुख्तार अंसारी को जेल में मिलीं सुख-सहूलतों और वकील पर ख़र्चे गये 55 लाख रुपए

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उत्तर प्रदेश से ख़ौफ़नाक अपराधी मुख्तार अंसारी को रोपड़ जेल में सुख-सहूलतें देने के लिए सरकारी ख़ज़ाने में से 55 लाख रुपए की अदायगी करने संबंधी फाइल को वापस भेज दी है।

मुख्यमंत्री ने इसको लोगों के पैसे की अंधाधुंध लूट बताते हुए कहा कि ऐसा बरताव किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस ख़तरनाक अपराधी को रोपड़ जेल में सुख-सहूलतें दिए जाने के बारे तो पिछली सरकारें ही भली-भाँति जानती होंगी। भगवंत मान ने कहा कि अरामदायक ठहराव को यकीनी बनाने के इलावा पिछली सरकार ने इस बात को भी यकीनी बनाया कि इस ख़ौफ़नाक अपराधी को जेल में किसी किस्म की मुश्किल का सामना न करना पड़े और उसका कानूनी तौर पर बचाव किया जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सत्ताधारियों का इस अपराधी पर मेहरबान होने की हकीकत का पता इस तथ्य से लग जाता है कि उसके ख़िलाफ़ 48 वारंट जारी हुए परन्तु उस समय की सरकार ने इसकी कोई परवाह न करते हुए उसे पेश नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह कितना हैरानीजनक है कि उस मौके की सरकार ने रोपड़ जेल में बंद इस अपराधी के हितों की रक्षा के लिए टैक्स भरने वाले लोगों के 55 लाख रुपए ख़र्च कर दिए। भगवंत मान ने कहा कि लोगों के पैसे की यह अंधाधुंध लूट पूरी तरह ग़ैर-वाजिब है और उन्होंने इस संबंधी फाइल विभाग को वापस भेज दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि करदाताओं के पैसे की लूट को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार यह गलत फ़ैसला लेने वाले तत्कालीन मंत्रियों से यह रकम वसूलने पर विचार कर रही है। भगवंत मान ने कहा कि इस घृणित जुर्म में शामिल हर व्यक्ति को इस गुनाह के लिए जवाबदेह बनाया जायेगा।

### उपराष्ट्रपति ने 16वें लोक सेवा दिवस समारोह का किया उद्घाटन

## लोक सेवाओं में समाज के सभी वर्गों के बढ़ते प्रतिनिधित्व की सराहना की



**मुंबई.** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सिविल सेवकों से केंद्र के शासन और राज्यों की प्रशासनिक व्यवस्था में एकरूपता लाने का आह्वान किया है, ताकि परिकल्पित संघवाद, सहकारी संघवाद का रूप ले सके। लोक सेवाओं को शासन के मेरुदण्ड के रूप में संदर्भित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र के संपूर्ण विकास को सुनिश्चित करने में सिविल सेवकों की भूमिका 'परिवर्तन के सबसे प्रत्यक्ष एवं प्रभावी प्रतिनिधियों' के रूप में होती है। उपराष्ट्रपति गुरूवार को नई दिल्ली में विज्ञान भवन में आयोजित 16वें सिविल सेवा दिवस समारोह का उद्घाटन करने के बाद लोक सेवकों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा है कि इस वर्ष के सिविल सेवा दिवस की विषयवस्तु 'विकसित भारत: नागरिकों को सशक्त बनाना और अंतिम छोर तक पहुंचना' है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वास्तविक प्रतिबिंब है, जो अपने सभी नागरिकों के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व भाव को सुरक्षित करने का प्रयास करता है। आकांक्षी जिलों, स्मार्ट शहरों, जल जीवन मिशन, लेनदेन के डिजिटलीकरण और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ये पहल 'नागरिक सशक्तिकरण की प्रधानता के साथ आगे बढ़ते हुए एक विकसित भारत' की दिशा में हमारी उन्नति का प्रतिनिधित्व करती हैं।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सिविल सेवा क्षमता निर्माण के लिए सितंबर 2020 में शुरू किए गए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम मिशन कर्मयोगी की भी प्रशंसा की, जो नए भारत की दृष्टि के अनुरूप सही दृष्टिकोण, कौशल तथा ज्ञान के साथ भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा को और बेहतर आकार देने वाला परिवर्तनकारी बदलाव साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि अमृत काल में सिविल सेवक वर्ष 2047 के योद्धा हैं, जो अब नींव रख रहे हैं नये भारत की और उस भारत को आकार दे रहे हैं, जो भारत अपनी स्वाधीनता की स्वर्ण शताब्दी मनाएगा।

उपराष्ट्रपति ने समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से दूरदराज के गांवों से निकली युवा प्रतिभाओं, छोटी पारिवारिक पृष्ठभूमि के साथ-साथ हाशिए पर रहने वाले समुदायों से बड़ी संख्या में सिविल सेवाओं में शामिल होने के बढ़ते प्रतिनिधित्व के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने लोक प्रशासन में महिलाओं की बढ़ती संख्या पर विशेष रूप से कहा कि लोक प्रशासनिक ढांचे में महिलाओं की बढ़ती संख्या अधिक संवेदनशील और पूर्ण विकसित नौकरशाही का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## गुजरात की पूर्व मंत्री माया कोडनानी समेत सभी 68 आरोपी बरी



**अहमदाबाद.** 2002 के गुजरात दंगों के दौरान 11 मुस्लिमों से जुड़े नरौदा गाम नरसंहार से जुड़े मामले में गुरुवार को एक विशेष अदालत अपना फैसला सुनाया है। एसआईटी मामलों के विशेष जज एसके बक्शी की कोर्ट ने 68 आरोपियों को बरी कर दिया है। बता दें कि पूर्व मंत्री माया कोडनानी और बजरंग दल के नेता बाबू बजरंगी समेत 86 लोगों को हत्या, आपराधिक साजिश, दंगा और आगजनी का आरोपी बनाया गया था। इस मामले में 18 आरोपियों की मौत हो चुकी है।

डिफेंस वकील राजेश मोदी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 28 फरवरी 2002 को नरोदा गाम में कुछ हादसे हुए जिसमें 11 लोगों की जान गई थी और कुछ घरों को जलाया गया था। कोर्ट ने 2009 में 83 आरोपियों पर चार्ज फ्रेम किया था। आज कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। बता दें कि गोधरा ट्रेन आगजनी की घटना के एक दिन बाद 28 फरवरी, 2002 को अहमदाबाद के नरोडा गांव में 11 लोगों को जिंदा जला दिया गया था। विशेष न्यायाधीश शुभदा बक्शी ने शाम करीब 5.30 बजे फैसला सुनाया और अदालत के बाहर आरोपियों के रिश्तेदारों ने जय श्री राम और भारत माता की जय के नारों के साथ उनका स्वागत किया।

बता दें कि गोधरा में ट्रेन आगजनी की घटना में अयोध्या से लौट रहे 58 यात्रियों की मौत के एक दिन बाद 28 फरवरी 2002 को अहमदाबाद शहर के नरोदा गाम इलाके में दंगों के दौरान कम से कम 11 लोग मारे गए थे। नरोदा ग्राम मामले में आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 307 (हत्या का प्रयास), 143 (गैरकानूनी जमावड़ा), 147 (दंगा), 148 (घातक हथियारों से लैस होकर दंगा करना), 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत मुकदमा चल रहा था।

# भारत की इन जगहों पर पूरे साल मिलते हैं विदेशी, एक्सप्लोरिंग के लिए हैं बेस्ट

**भारत में घूमने की कुछ ऐसी जगह हैं जहां पूरे साल आपको अंतरराष्ट्रीय पर्यटक देखने को मिलते हैं। यहां जानिए विदेशी यात्रियों द्वारा भारत में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली जगहों के नाम।**



TRAVELING

गोल्डन टेम्पल



स्वामीनारायण अक्षरधाम



गोवा



ताज महल

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

भारत में कहीं समंदर का किनारा है तो कहीं ऊंचे-ऊंचे पहाड़ हैं। कहीं घना जंगल है तो कहीं रेगिस्तान है। धर्म से लेकर बच्चों की घुमक्कड़ी तक भारत में बहुत कुछ है। यही वजह है कि भारतीयों समेत विदेशियों को भी यहां घूमना फिरना पसंद है। जी हां, भारत में कई ऐसी जगहें हैं जो विदेशियों के पसंदीदा पर्यटन स्थल हैं। आइए जानते हैं भारत में वो कौन सी जगहें है जहां पूरे साल विदेशी यात्री मिलते हैं।

**ताज महल :** ताजमहल भारत के सबसे फेमस पर्यटन स्थलों में से एक है। सफेद संगमरमर से बनी इस विशाल इमारत को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। इसे मुगल सम्राट शाहजहां के आदेश पर बनाया गया था, जिन्होंने इसे अपनी पत्नी की याद में बनाया था। यह भारत में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली जगहों में से एक है, जहां पूरे साल विदेशी यात्रा मिलते हैं।

**गोल्डन टेम्पल :** गोल्डन टेम्पल अमृतसर, पंजाब में स्थित एक ऐतिहासिक इमारत और पवित्र स्थल है। रिपोर्ट्स की मानें तो मंदिर का निर्माण 1581 में शुरू हुआ और आधिकारिक रूप से 1604 में पूरा हुआ। भारत के सिख तीर्थस्थलों में सबसे पवित्र माना जाता है और यहां हर साल लाखों पर्यटक पहुंचते हैं। यह भारत के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में से एक है। यहां भी विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं।

**स्वामीनारायण अक्षरधाम :** स्वामीनारायण अक्षरधाम सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक है। स्वामीनारायण अक्षरधाम भारत के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में से एक है, जो हर साल लाखों विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करता है।

**गोवा :** गोवा के पश्चिमी समुद्र तट में दुनिया के कुछ सबसे शानदार समुद्र तट हैं, जिनमें अगोंडा बीच, मांड्रेम और कैलंगुट बीच शामिल हैं। अधिकांश विदेशी यहां पहुंचते हैं। कुछ विदेशी एकांत में स्थान खोजने के लिए गोवा जाते हैं।

FASHION+

## गर्मियों में दिखना है कूल और स्टाइलिश तो इस तरह के कपड़े पहनें

**तपती गर्मी में कंफर्ट के साथ स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो इन लेटेस्ट ट्रेंड को फॉलो करें। अनन्या पांडे, भूमि पेडनेकर से लेकर मलाइका अरोड़ा अक्सर इन कपड़ों में नजर आ चुकी हैं।**



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

तपती गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में घर से बाहर निकलते समय ऐसे कपड़े पहनने का मन करता है जो बिल्कुल कंफर्टेबल हो। लेकिन स्टाइल का क्या? क्योंकि स्टाइलिश दिखना है तो ट्रेंडी कपड़े पहनना भी जरूरी है। तो बता दें कि इस समर सीजन आप अपने मन के मुताबिक कपड़े पहन सकते हैं। सिंपल और क्लासी लुक के साथ ही बोल्ड और वाइब्रेंट कलर भी खूब जमेंगे। अपनी पर्सनैलिटी के हिसाब से फ्लोरल प्रिंट और पेस्टल कलर के साथ कुछ बोल्ड लुक भी ट्राई किया जा सकता है। आप अगर स्टाइलिश और कंफर्टेबल लुक की तलाश में जो ट्रेंड से मैच करें। तो इन कपड़ों को अपनी वॉर्डरोब का हिस्सा जरूर बना लें।

**फ्लोरल ड्रेस और डेनिम जैकेट :** अगर आप हमेशा स्टाइल में रहना पसंद करती हैं तो डेनिम की जैकेट या शर्ट तो जरूर रखी होंगी। तो बस इस गर्मी अपने फ्लोरल पैटर्न की ड्रेस के साथ डेनिम जैकेट या शर्ट को ट्राई करें। ये कूल लुक देने के साथ ही कंफर्टेबल भी बनाएगा। आप डेनिम जैकेट के साथ ट्यूब डिजाइन ड्रेस से लेकर नूडल स्ट्राईप ड्रेस तक को आसानी से पहन सकती है।

**जंपसूट है ट्रेंडी :** फ्लोरल प्रिंट के जंपसूट इस गर्मी के सीजन में ना केवल खूबसूरत लुक देंगे। बल्कि आप काफी स्टाइलिश भी दिखेंगी। दोस्तों के साथ मस्ती करनी हो या फिर डिनर के लिए जाना हो। फ्लोरल पैटर्न के जंपसूट को आप हाई हील्स या स्नीकर के साथ मौके के हिसाब से पेयर करें।

**क्रॉप टॉप :** क्रॉप टॉप का फैशन इस साल भी ट्रेंड में बना हुआ है। इसे आप हाई वेस्ट जींस, शाट्र्स, स्कर्ट, पैंट किसी के साथ भी पेयर कर सकती हैं। ये हर तरीके से स्टाइलिश लगेगा। क्रॉप टॉप के डिजाइन की काफी सारी वैराइटी रहती है। जिसे आप अपने कंफर्ट और ओकेजन के हिसाब से चुनें। दिशा पाटनी से लेकर अनन्या पांडे अक्सर अपने एब्स को फ्लांट करने के लिए लो वेस्ट जॉगर्स पैंट के साथ क्रॉप टॉप पहने दिख जाती हैं।

**टैंक टॉप :** टैंक टॉप गर्मियों का फेवरेट आउटफिट है। जो कूल एंड स्टाइलिश लुक देता है वो भी बिना किसी एक्स्ट्रा एफर्ट के। टैंक टॉप में मलाइका अरोड़ा कई बार स्टाइलिश लुक में नजर आ चुकी हैं। जॉगर्स पैंट से लेकर टाइट फिटिंग जींस या शाट्र्स के साथ इसे आसानी से पेयर किया जा सकता है।

**जॉगर्स पैंट :** अगर आप गर्मियों में जींस पहनने से परहेज करती हैं तो इस बार जॉगर्स पैंट को ट्राई करें। ये काफी हल्के और स्टाइलिश दिखते हैं। इन्हें अलग-अलग तरीकों से स्टाइल कर कूल लुक दिया जा सकता है।

तो इस गर्मी लेटेस्ट ट्रेंड के साथ रेडी हों और हर किसी की अटेंशन बटोर लें।





## लंच में बनी **दाल रोटी** को स्पेशल बना देगा बैंगन भाजा का स्वाद, ये है रेसिपी

**रोज के खाने में वहीं दाल चावल और दाल रोटी खाकर बोर हो गए हैं तो साथ में बना लें क्रिस्पी बैंगन भाजा। इसे बनाने की रेसिपी है बिल्कुल आसान और फटाफट मिनटों में बनकर रेडी भी हो जाएगा।**



• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

रोज के खाने में वहीं दाल रोटी और दाल चावल किसी को भी बोर कर सकती है। कुछ स्पेशल और हटके खाने का मन है तो स्पाइसी या बहुत सारा टाइम लगने वाला खाना बनाने की जरूरत नही है। बस रोज के खाने के साथ कुछ हटके टेस्टी सब्जी बना लें। बैंगन को अक्सर लोग कम खाना पसंद करते हैं। ऐसे में आप इसकी मजेदार सब्जी बनाकर तैयार कर सकती हैं। बैंगन भाजा रोज के दाल चावल के स्वाद को आसानी से बढ़ा देगी और इसे घरवाले पसंद भी खूब करेंगे। तो चलिए जानें कैसे बनाएं टेस्टी और क्रिस्पी बैंगन भाजा।

**बैंगन भाजा बनाने की सामग्री**

300-350 ग्राम बड़े आकार के बैंगन
- 3-4 चम्मच सरसों का तेल
- 2 चम्मच बेसन
- 2-3 बारीक कटी हरी धनिया
- हरी मिर्च 1
- आधा छोटा चम्मच अदरक का पेस्ट
- एक चौथाई छोटा चम्मच हींग
- एक चम्मच धनिया पाउडर
- अमचूर छोटा चम्मच एक चौथाई
- गरम मसाला आधा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर
- हल्दी पाउडर
- नमक स्वादानुसार

**बैंगनभाजा बनाने की विधि :** सबसे पहले बैंगन भाजा का मसाला तैयार कर रख लें। इसके लिए बड़ी प्लेट में बेसन लें। इसमे कटी हुई हरी मिर्च, हींग, जीरा पाउडर, धनिया पाउडर, अमचूर पाउडर डाल दें। साथ में गरम मसाला, लाल मिर्च पाउडर, नमक, हल्दी पाउडर और साथ में बारीक कटी हरी धनिया मिला दें। सारे मसालों को अच्छी तरह से मिक्स करें। बैंगन की डंठल काटकर हटा दें। बड़े आकार के बैंगन को थोड़ा मोटा गोल आकार में काट लें। सारे टुकड़ों को मसाले में अच्छी तरह से लपेट लें। मसालों को लपेटकर दूसरी प्लेट में रख लें। पैन में तेल डालें और गर्म होने दें। जब तेल गर्म हो जाए तो बैंगन के एक-एक टुकड़े इसमे डालें और सुनहरा होने तक सेंके। जब ये अंदर तक पककर सिंक जाएं पैन से निकालकर प्लेट में रख लें। बस तैयार है टेस्टी बैंगन भाजा। इसे रोज के खाने के साथ सर्व करें। हर कोई इसका स्वाद पसंद करेगा।

## बड़ा होता बच्चा खाने लगा है मिट्टी तो इन तरीकों से छुड़ाएं आदत



PARENTING

**बच्चों में कई बार मिट्टी या चाक, सीमेंट जैसी चीजों को खाने की आदत पड़ जाती है। जानें इसके कारण और बच्चों की इस आदत से छुटकारा पाने के लिए कुछ घरेलू उपाय।**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

बच्चे कई बार अनजाने में ना खाने वाली चीजों को खाना शुरू कर देते हैं। ये समस्या दो से सात साल के बच्चों में ज्यादा देखी गई है। जिसकी वजह से उन्हें सेहत से जुड़ी परेशानियां होने लगती हैं। बच्चे की मिट्टी खाने की लत को छुड़ाना है तो उसे इन चीजों की मदद से दूर किया जा सकता है।

**क्यों खाते हैं बच्चे मिट्टी :** बच्चों के मिट्टी खाने की वजह अभी तक पूरी तरह से साफ नही है। लेकिन बच्चे अक्सर इन वजहों से मिट्टी खाने लगते हैं।

**कुपोषण या भूख :** बच्चे जब कुपोषण का शिकार होते हैं और उनमे आयरन और जिंक, कैल्शियम की कमी हो जाती है। तो वो मिट्टी या ना खाने वाली चीजों को खाना शुरू कर देते हैं।

**मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं :** जिन बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी दिक्कतें होती हैं। उनमे मिट्टी खाने की आदत देखी गई है।

**मिट्टी खाने से होने वाले नुकसान :** बच्चों में मिट्टी खाने से ये नुकसान होने लगते हैं।

- पेट में कीड़े- मिट्टी में कई तरह के बैक्टीरिया होते हैं। जिसे खाने से बच्चों के पेट में परजीवी पनपने लगते हैं। जिससे पेट में कीड़े पड़ जाते हैं।
- मिट्टी खाने की वजह से बच्चों में कुपोषण की समस्या होने लगती है।
- मिट्टी खाने से बच्चों के दांतों को नुकसान हो जाता है।

**बच्चों की मिट्टी खाने की आदत छुड़ाने के घरेलू उपाय**

**केला और शहद :** दो पके केले लेकर मैश कर लें। इसमे शहद डालें और अच्छे से मिला लें। फिर बच्चे को इसे खाने को दें। केले में फाइबर भरपूर मात्रा में होता है। बच्चे जब इसे खाते हैं तो उनका पेट देर तक भरा रहता है और बच्चे का ध्यान मिट्टी की तरफ नहीं जाता है। वहीं शहद में एंटी बैक्टीरियल तत्व होते हैं जो बैक्टीरिया से बचाव करते हैं।

**लौंग :** लौंग का पाउडर बनाकर रख लें। आधे कप पानी में थोड़ी सी पिसी लौंग मिलाकर उबालें और इस पानी को दिन में दो बार एक-एक चम्मच पिलाएं।

लौंग में बैक्टीरिया से बचाव करने के साथ ही तनाव को कम करने वाले तत्व होते हैं। जिन बच्चों में तनाव की वजह से मिट्टी खाने की लत होती है। उन्हें इससे राहत मिलती है।

**अजवाइन**

अजवाइन का पाउडर बनाकर बच्चों को पानी में घोलकर पिलाएं। इससे बच्चे के पेट में पनपने वाले कीड़े को खत्म होने में मदद मिलती है और बच्चे की भूख बढ़ती है। जिससे कि बच्चा पौष्टिक खाना खा सके।

# पान के पत्ते का पानी पीने से मिलते हैं कई सारे फायदे, कैंसर और डायबिटीज जैसी बीमारियों से करेगा बचाव

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

पान का हिंदू संस्कृति में खास महत्व है। पूजा-पाठ से लेकर शादी विवाह के मौके पर पान का इस्तेमाल जरूर किया जाता है। वहीं पान खाने के शौकीन पान का बीड़ा बनाकर खाना पसंद करते हैं। इसमे लौंग, इलायची, कत्था, सुपारी जैसी चीजों को मिलाया जाता है। सबसे खास बात अगर पान के बीड़े में तम्बाकू और गुटखा जैसी चीजों को ना मिलाया जाए तो एक पान का बीड़ा सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। वहीं पान को दूसरे तरीकों से खाकर भी सेहत को फायदे पहुंचाए जा सकते हैं। पान के पत्ते का पानी कई सारी बीमारियों का इलाज है।

**ओरल हेल्थ के लिए है फायदेमंद :** पान खाने से या पान के पत्ते का पानी पीने से मुंह से आने वाली बदबू से छुटकारा मिलता है। साथ ही मुंह में होने वाले बैक्टीरिया को ये मारता है। जिससे मूसड़ों के इंफेक्शन और दांतों के बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद मिलती है।

**डायबिटीज रोगी भी खा सकते हैं पान :** पान के पत्तों से तैयार पानी पीने से ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है। जिससे डायबिटीज में होने वाली परेशानियों से राहत मिलती है।

**डाइजेशन करें दुरुस्त :** खाना खाने के बाद पान का पत्ता खाने से ये खाने को बेहतर तरीके से पचाने में मदद करता है। पान का पत्ता मेटाबॉलिज्म सिस्टम को ठीक करता है। जिससे खाना अच्छी तरह से और जल्दी पच जाता है।

**सर्दी जुकाम में देगा राहत**

पान के पत्तों में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। जो गले की सूजन और इंफेक्शन में राहत देते हैं। गले में बलगम या कफ बहुत ज्यादा जम गई हो तो पान के पत्ते का पानी पीने से राहत मिलती है। ये गले की खराश और कफ पर असर करता है।



HEALTH CARE

**हेल्दी रहने के लिए खान-पान का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। अनजाने में हम खाने से जुड़ी कुछ ऐसी गलतियां करते हैं जो हमें बड़ी बीमारियों की ओर ले जा सकती हैं।**

**कैंसर से करता है बचाव**

पान के अर्क में कैंसर होने से बचाने वाले गुण होते हैं। ये एंटी कैंसर तत्व ट्यूमर सेल्स को बढ़ने से रोकते हैं। जिसकी वजह से कैंसर वाली कोशिकाएं शरीर में बढ़ नहीं पाती हैं। कैंसर के लक्षणों से लड़ने के लिए पान का पत्ता घरेलू उपचार में इस्तेमाल किया जाता है।

**कैसे तैयार करें पान के पत्तों का पानी**

पान के पत्ते का पानी बनाने के लिए सबसे पहले 4-5 पान के पत्ते लें। इन पत्तों को दो गिलास पानी में डालकर उबलने के लिए रख दें। जब ये उबलकर आधा हो जाए तो ठंडा होने रख दें। दिन में दो से तीन बार इस पानी को पीने से इन बीमारियों में राहत मिलती है।

मन की बात 100

# एक खेल प्रेमी राष्ट्र के रूप में भारत का उत्सव

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

भारत में खेलों के लिए यह एक रोमांचक समय है। भारत के पास हमेशा से खेल प्रतिभाओं का एक होनहार और बड़ा पूल रहा है। जरूरत इस बात की थी कि मौजूदा नीतियों में संशोधन किया जाए और नई नीतियों को लाया जाए जो उनकी जरूरतों और आकांक्षाओं से मेल खाती हों। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, सरकार जमीनी स्तर पर प्रतिभा की पहचान, खेल के बुनियादी ढांचे के निर्माण, एलीट खिलाड़ियों को समर्थन और एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो देश के खेल परिदृश्य को बदलने के लिए मिशन मोड में है और देश के कोने-कोने से महिलाएं, दिव्यांगजन और युवा सभी के लिए समान अवसर प्रदान करता है। सफलता की गाथाओं के साथ-साथ हर आयु वर्ग के कई खिलाड़ियों के धैर्य, संघर्ष और दृढ़ संकल्प की कहानियों ने प्रधानमंत्री के 'मन की बात' और देश के दिलों में जगह बनाई है। 'खेलो इंडिया' एक गेम चेंजर रहा है। वास्तव में 'खेलो इंडिया गेम्स' भारत के मिनी ओलंपिक की तरह हो गए हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देकर प्रोत्साहित करने से न केवल युवा खिलाड़ियों बल्कि राज्यों को भी अपने स्वयं के मजबूत खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए बढ़ावा मिला है। देश में एक समग्र खेल संस्कृति के विकास के अलावा, प्रत्येक खिलाड़ी और उनकी प्रगति को जानने में प्रधानमंत्री जो व्यक्तिगत रुचि लेते हैं, वह भी कुछ ऐसा है जो हमारे देश में पहले कभी नहीं देखा गया था। वह अंतिम रवानगी से पहले और एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट/खेल आयोजन के बाद भारतीय दल के साथ बातचीत करना और उन्हें उनकी सफलता या ईमानदारी से किए गए प्रयासों के लिए प्रेरित करते हैं और बधाई देते हैं। प्रधानमंत्री अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भी खेलों के बारे में काफी बातें करते हैं। पहले हमारे देश के खेल के क्षेत्र में उपलब्धियों के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए अखबार ही एकमात्र माध्यम था,






**अंजू बॉबी जॉर्ज**
(भारतीय ओलंपियन और भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन की उपाध्यक्ष)

लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए जाने से पहले ही हम उनका जश्न मना रहे हैं। कॉमनवेल्थ हो या ओलंपिक जाने वाला भारतीय दल या खेलो इंडिया गेम्स में भाग लेने वाले युवा, 'मन की बात' एक ऐसा मंच बन गया है, जहां खेल के मोर्चे पर देश की उपलब्धियां सामने आती हैं।

और आज, जब 'मन की बात' 30 अप्रैल, 2023 को अपना शतक पूरा करने जा रहा है, तो मुझे यकीन है कि इतने सालों में इसके सभी एपिसोड ने एथलीटों के लिए अपनी प्रतिभा को तराशने और एक बेहतर खिलाड़ी के रूप में खेलों के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरणा का काम किया है। जब मैंने विश्व चैम्पियनशिप के लिए पहला पदक जीता था, तो मेरे साथी खिलाड़ी जिसने भी पदक जीता था, उन्हें अपने देश के राष्ट्राध्यक्ष का फोन



आया था, जो स्टेडियम की स्क्रीन पर दिखाया जा रहा था। और मैं सोच रही थी कि मुझे ऐसा मौका कब मिलेगा। इस लिहाज से आज के युवा खिलाड़ी वाकई खुशकिस्मत हैं कि प्रधानमंत्री 'मन की बात' जैसे अहम मंच पर उनके बारे में बात कर रहे हैं।

वे उनके व्यक्तिगत हितों को भी अच्छी तरह से जानते हैं और उनके वापस आने पर उन्हें भव्य विदाई दे रहे हैं और उनका सत्कार भी कर रहे हैं। पूरा भारत और खासकर युवा पीढ़ी के लोग इसे देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि खेल पदक जीतने और भारत को वैश्विक मानचित्र पर लाने तक ही सीमित नहीं है। यह मुख्य रूप से हमें शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से सतर्क और खेल भावना का पोषण करके व्यक्तिगत व्यक्तित्व का विकास करता है। खेल, कुल मिलाकर, एक राष्ट्र के विकास के लिए बहुत महत्व रखता है। वे दिन गए जब लोग केवल क्रिकेट के पीछे भागते थे। आज, प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन में भारत की भागीदारी से एक बहुत बड़ा राष्ट्रीय गौरव जुड़ा हुआ है। चाहे वह बैडमिंटन हो, भाला फेंक, हैंडबॉल, या तलवारबाजी, और यहां तक कि मल्लखंब और कलारीपयट्टू जैसे स्वदेशी खेल, आज लोग दुनिया भर में तिरंगे को लहराने वाले खिलाड़ियों के लिए उनकी प्रशंसा में एकजुट हैं। ओलंपिक 2020 से ठीक पहले, प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के श्रोताओं से 'चीयर फॉर इंडिया' के साथ टोक्यो जाने वाले खिलाड़ियों का समर्थन करने का आग्रह किया, जो बाद में एक अभियान में बदल गया, जिसमें स्कूली छात्रों से लेकर मशहूर हस्तियों तक की भागीदारी देखी गई, जिन्होंने खिलाड़ियों के लिए अपनी शुभकामनाएं भेजीं। यह देखना दिलचस्प है कि एक देश के रूप में हम अपने खिलाड़ियों का जश्न मनाने के विभिन्न तरीके खोज रहे हैं।

खेल के मोर्चे पर यह गति भारत के लिए अभूतपूर्व है और खेलों में एक नया जोश भरने के लिए मैं प्रधानमंत्री की आभारी हूं। परिणाम सबके सामने हैं। टोक्यो ओलंपिक में सात और पैरालिंपिक में 19 पदकों के साथ भारत ने चार दशकों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत ने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 22 स्वर्ण पदक सहित कुल 61 पदकों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय थॉमस कप (बैडमिंटन) टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार भारतीय पुरुष टीम ने 14 बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया को हराकर चैंपियनशिप जीती।

डेफलम्पिक्स ब्राजील के लिए भारतीय दल ने 16 पदकों के साथ देश के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नई युवा प्रतिभाएं जबरदस्त प्रदर्शन कर रही हैं और पूरा देश उनकी जीत का आनंद उठा रहा है। 'मन की बात' ने एक मंच के रूप में नागरिकों, विशेषकर युवाओं में देश में खेलों के प्रति सामूहिक उत्साह को प्रेरित किया है। 'मन की बात' के कई एपिसोड में प्रधानमंत्री ने युवा पीढ़ी से खेल को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाने की सीधी अपील की है। अपने रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से, उन्होंने भारत के समग्र विकास के लिए खेल को एक महत्वपूर्ण पहलू बनाने के लिए 'सबका प्रयास' की भावना पैदा की है और लोग, सरकारें, खिलाड़ियों और संघ मिलकर इस दृष्टि को नए भारत की वास्तविकता बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मैं 'मन की बात' के आने वाले 100वें एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं और हमारे प्रधानमंत्री को उन आम लोगों को उनकी बात सुनने के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित देख रही हूं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया है।

# भारत में लैवेंडर की खेती: एक सुगंधित भविष्य

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

17वीं शताब्दी में फ्रांस में प्लेग के प्रकोप के दौरान, चोरों के एक समूह ने प्लेग पीड़ितों के शवों को लूट लिया लेकिन आश्चर्यजनक रूप से उन्हें कभी भी बीमारी नहीं हुई। पकड़े जाने के बाद, अधिकारियों ने प्लेग से बचने के बारे में उनके रहस्य बताने के बदले में चोरों को उदारता की पेशकश की।

चोरों ने लैवेंडर सहित आवश्यक तेलों के मिश्रण का इस्तेमाल किया, जिसे उन्होंने अपने शरीर पर रगड़ा और उसी मिश्रण में भीगे हुए मास्क पहने। अधिकारी इस रहस्योद्घाटन से प्रभावित हुए और नुस्खा प्रकाशित किया, जिसे अब "चोरों के तेल" के रूप में जाना जाता है। लैवेंडर के एंटीसेप्टिक और शांतिदायक गुणों ने इसे पूरे इतिहास में सुरक्षा और उपचार का प्रतीक बना दिया है, और यह दुनिया के सबसे लोकप्रिय आवश्यक तेलों में से एक बना हुआ है।

लैवेंडर फ्रांस, बुल्गारिया, स्पेन, इटली और यूनाइटेड किंगडम सहित प्रमुख उत्पादकों के साथ दुनिया भर में व्यापक रूप से उगाया जाने वाला पौधा है। पौधे का एक समृद्ध इतिहास है, जो प्राचीन काल से है, और इसका उपयोग मम्मीफिकेशन, सौंदर्य प्रसाधन, स्नान, खाना पकाने और औषधीय प्रयोजनों सहित कई उद्देश्यों के लिए किया गया है। 2007 में स्थापित पहले लैवेंडर फार्म के साथ भारत अब लैवेंडर कृषि उद्योग में एक प्रमुख उत्पादक के रूप में उभर रहा है।

उष्णकटिबंधीय जलवायु जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, जो पौधों के विकास को प्रभावित करने वाले कवक रोगों और कीटों को जन्म दे सकते हैं, लैवेंडर की खेती का विस्तार तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे क्षेत्रों में हुआ है। हाल के वर्षों में, जम्मू और कश्मीर में लैवेंडर रोपण और उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए 'अरोमा मिशन' के माध्यम से एक बढ़ावा देखा गया है।

सुगंध, साबुन और आवश्यक तेलों जैसे उत्पादों में उच्च मूल्य के कारण भारत में लैवेंडर की खेती की लोकप्रियता बढ़ी है। लैवेंडर की खेती किसानों के लिए दीर्घकालिक लाभदायक हो सकती है यदि वे स्थायी और पर्यावरण अनुकूल बागवानी प्रथाओं को अपनाते हैं। यह जैव विविधता को बढ़ावा देने, पानी के उपयोग और कटाव को कम करने और मिट्टी की उर्वरता में सुधार करने में भी मदद कर सकता है।

जम्मू और कश्मीर में लैवेंडर किसानों का समर्थन करने के लिए, सरकार और अन्य संगठन विभिन्न उपाय कर रहे हैं, जैसे कि मुफ्त लैवेंडर पौधे प्रदान करना और किसानों को तकनीकी निर्देश देना, प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के लिए सुविधाएं बनाना और उचित मूल्य पर किसानों को अपनी उपज बेचने में सहायता करना। जम्मू और कश्मीर हॉर्टिकल्चरल गुड्स मार्केटिंग एंड प्रोसेसिंग कॉरपोरेशन (जेकेएचपीएमसी) किसानों को अपना मुनाफा बढ़ाने में मदद करने के लिए बाजारों तक पहुंच प्रदान कर रहा है।

लैवेंडर पर्यटन दुनिया के कई हिस्सों में एक बढ़ती हुई प्रवृत्ति है, जिनमें से कुछ सबसे लोकप्रिय गंतव्य प्रोवेंस, फ्रांस, उसी क्षेत्र में वालेंसोल पठार, हंगरी में तिहानी और जापान के होक्काइडो हैं। इन स्थलों के आगंतुक लैवेंडर क्षेत्रों और डिस्टिलरी के लिए गाईडेड टूर ले सकते हैं, लैवेंडर-थीम वाले त्योहारों और कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं, लैवेंडर-आधारित उत्पाद बनाने की कार्यशालाओं में भाग ले सकते हैं और लैवेंडर-थीम वाले आवास में रह सकते हैं। लैवेंडर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, ये गंतव्य कई गतिविधियों और अनुभवों की पेशकश करते हैं जो दुनिया भर के आगंतुकों को आकर्षित करते हैं। लैवेंडर उगाने के लिए उपयुक्त क्षेत्रों की पहचान करके और उन्हें पर्यटन स्थलों के रूप में बढ़ावा देकर लैवेंडर पर्यटन को विकसित करने के लिए भारत एक समान दृष्टिकोण अपना सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र गाईडेड टूर की पेशकश करने, लैवेंडर-थीम वाले आवास और उत्पादों को विकसित करने और आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए त्योहारों और कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं।

विपणन और अन्य चैनलों के माध्यम से, पर्यटकों के बीच रुचि पैदा करने के लिए भारत में लैवेंडर पर्यटन के बारे में जागरूकता फैलाई जा सकती है। लैवेंडर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, भारत का पहला लैवेंडर महोत्सव मई 2022 में भद्रवाह में



**संगीता जोशी**
(उप निदेशक, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार)

आयोजित किया गया था।

लैवेंडर के पौधे अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी में पनपते हैं, और लैवेंडर के बीज बोने का आदर्श समय भारत में मानसून के मौसम के दौरान, जून से सितंबर तक होता है। भारत में, आम तौर पर दो प्रकार की लैवेंडर किस्में उगाई जाती हैं: अंग्रेजी लैवेंडर (लैवेंडुला एंजुस्टिफोलिया) और फ्रेंच लैवेंडर (लैवंडुला स्टोचस)। अंग्रेजी लैवेंडर भारतीय जलवायु के लिए अच्छी तरह से अनुकूल है, क्योंकि यह क्षेत्र की गर्मी और आर्द्रता को सहन कर सकता है, जिससे यह खेती के लिए सबसे लोकप्रिय किस्म बन जाती है।

बुवाई के बाद, लैवेंडर के बीज लगभग दो से चार सप्ताह में अंकुरित हो जाते हैं। लैवेंडर के पौधों को न्यूनतम रखरखाव की आवश्यकता होती है, लेकिन उन्हें नियमित रूप से पानी देने की आवश्यकता होती है, खासकर शुष्क मौसम के दौरान। लैवेंडर के पौधे आमतौर पर 12 से 18 महीनों के बाद फूलना शुरू करते हैं, जो कि विविधता और बढ़ने की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। भारत में लैवेंडर की कटाई का सबसे अच्छा समय मानसून का मौसम शुरू होने से पहले मार्च से जुलाई तक है। लैवेंडर के फूल हाथ से काटे जाते हैं और आमतौर पर सुबह जल्दी काटे जाते हैं जब सुगंध अपने चरम पर होती है।

भारत में लैवेंडर की खेती धीरे-धीरे गति पकड़ रही है, राज्य सरकारें इसके विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल कर रही हैं। जम्मू और कश्मीर सरकार ने लैवेंडर विकास कार्यक्रम शुरू किया है, जो लैवेंडर नर्सरी की स्थापना के लिए किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है, लैवेंडर के पौधों, उर्वरकों और उपकरणों की खरीद पर सब्सिडी, और लैवेंडर की खेती के लिए नवीनतम तकनीकों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रशिक्षण प्रदान करता है। उत्तराखंड में, राज्य सरकार लैवेंडर पौधों की खरीद पर सब्सिडी और लैवेंडर नर्सरी की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सरकार किसानों को लैवेंडर की खेती के लिए नवीनतम तकनीकों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रशिक्षण भी प्रदान करती है। इसी तरह, हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक लैवेंडर की खेती परियोजना की स्थापना की है जो लैवेंडर पौधों, उर्वरकों और उपकरणों की खरीद पर लैवेंडर नर्सरी और सब्सिडी की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। यह परियोजना किसानों को लैवेंडर की खेती के लिए नवीनतम तकनीकों और सर्वोत्तम पद्धती पर प्रशिक्षण भी प्रदान करती है। इसके अलावा, राज्य सरकारें भी लैवेंडर उत्पादों के विपणन के लिए सहायता प्रदान करती हैं, जिसमें किसानों को बाजारों की पहचान करने, ब्रांडिंग करने और उनके उत्पादों की पैकेजिंग करने में मदद करना शामिल है।

## भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान 100वीं जी20 बैठक

**जालंधर ब्रीज (नई दिल्ली).** भारत आज वाराणसी में अपनी 100वीं जी20 बैठक यानी कृषि मुख्य वैज्ञानिकों (एमएसीएस) की बैठक की मेजबानी के साथ अपनी जी20 अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मना रहा है। गोवा में दूसरा हेल्थ वर्किंग ग्रुप, हैदराबाद में दूसरा डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप और शिलांग में स्पेस इकोनॉमी लीडर्स प्रीकर्सर मीटिंग भी आज आयोजित की जा रही है। 16 नवंबर, 2022 को जी20 बाली शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जी20 की अध्यक्षता सौंपी गई थी। अध्यक्षता सौंपे जाने के बाद, भारत की साल भर चलने वाली जी20 अध्यक्षता 1 दिसंबर, 2022 को शुरू हुई, और 30 नवंबर, 2023 तक जारी रहेगी। इससे पहले 8 नवंबर, 2022 को प्रधानमंत्री ने जी20 लोगो लॉन्च किया था और भारत की जी20 प्रेसीडेंसी थीम - "वसुधैव कुटुम्बकम" यानी - "वन अर्थ. वन फैमिली. वन फ्यूचर" का अनावरण किया था। जी 20 लोगो को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में डिजाइन किया गया, जो हमारे पृथ्वी-समर्थक दृष्टिकोण और चुनौतियों के बीच विकास का प्रतीक है। 20 के समूह (जी20) में 19 देश (अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, यूनाईटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका) और यूरोपीय संघ शामिल हैं। जी20 के सदस्य देश, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार के 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की जनसंख्या के लगभग दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करते हैं।

भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान व्यक्तिगत रूप से भागीदारी अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी में से एक है। अब तक 110 से अधिक राष्ट्रीयताओं वाले 12,300 से अधिक प्रतिनिधियों ने जी20 से संबंधित बैठकों में भाग लिया है। इसमें जी20 सदस्यों, 9 आमंत्रित देशों और 14 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की भागीदारी शामिल है। आज तक, 28 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कवर करते हुए 41 शहरों में जी20 की 100 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों के पूर्ण समर्थन और भागीदारी के साथ पूरे भारत में बैठकें आयोजित की जा रही हैं। भारत की अध्यक्षता के दौरान, देश भर में लगभग 60 शहरों में जी20 से संबंधित 200 से अधिक बैठकों के लिए विदेशी प्रतिनिधियों की मेजबानी की जाएगी, जो किसी भी जी20 अध्यक्षता में सबसे व्यापक भौगोलिक विस्तार है।

# "भारत जल संसाधन विकास और प्रबंधन में जी20 देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध"

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

जलवायु परिवर्तन की उत्पत्ति का पता "ट्रेजेडी ऑफ कॉमन्स" नामक एक आर्थिक सिद्धांत से लगाया जा सकता है, जो बताता है कि जब व्यक्तियों के पास एक सामान्य संसाधन तक पहुंच होती है, तो वे अपने हित में कार्य करते हैं, दूसरों पर उनके प्रभाव को देखते हुए स्वार्थी निर्णय लेते हैं। पृथ्वी हमारा साझा संसाधन है, और इसी मानवीय प्रवृत्ति ने हमें जलवायु परिवर्तन के रूप में ज्ञात इस खतरें में धकेला है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2021 ग्लासगो में आयोजित सीओपी26 में इस पर प्रकाश डाला। एक पहलू जिसे उन्होंने समझाया, वह लोगों को स्थायी व्यवहार की ओर,एलआईएफई (लाइफ)की अवधारणा; "पर्यावरण के लिए जीवन शैली",प्रेरित करने में चर्चा शब्द बन गया है।मिशन एलआईएफई (लाइफ)का केंद्र जल है।

जब भारत ने दिनांक1 दिसंबर, 2022 को जी20 की अध्यक्षता संभाली, तो हमने 'वसुधैव कुटुंबकम' के आदर्श वाक्य के साथ 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के दृष्टिकोण को साझा किया। यदि दुनिया को जलवायु परिवर्तन के संकट से जीतना है, तो जी20 देशों को अत्यधिक प्रयास करना होगा क्योंकि दुनिया का 80% उत्सर्जन इन देशों के कारण होता है। यद्यपि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव व्यापक है, तो मैं विशेष रूप से एक पहलू अर्थात् जल संसाधन प्रबंधन की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

भारत तकनीकी अनुभवों, सर्वोत्तम प्रथाओं और अत्याधुनिक उपकरणों और प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से जल संसाधन विकास और प्रबंधन में जी20 सदस्य देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत का मानना है कि जल हमारे विकास प्रतिमान के केंद्र में होना चाहिए, ऐसी साझेदारियों के साथ जो जल को हर किसी का कार्य बनाती हैं।

दिनांक27-29 मार्च, 2023 के दौरान गांधीनगर में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित दूसरी पर्यावरण और जलवायु स्थिरता कार्य समूह (ईसीएसडब्ल्यूजी) की बैठक में जल शक्ति मंत्रालय के नेतृत्व में जल संसाधन प्रबंधन के विषय पर एक साइड इवेंट शामिल था। जल सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराने के लिए एकत्रित देशों के साथ, भारत ने फिर से पुष्टि की कि उसकी प्राथमिकताएं, नीति और कार्य एसडीजी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए व्यवस्थित रूप से जुड़े हुए हैं।जल संसाधनों के एकीकृत और सतत उपयोग/पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन, जल निकाय पुनरुद्धार, नदी संरक्षण, वर्षा जल प्रबंधन आदि के विविध विषयों पर कई प्रस्तुतियां दी गईं, जो निश्चित रूप से सभी जी20 सदस्यों के लिए बहुत मूल्यवान होंगी।

मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत सरकार ने अपने 1.4 बिलियन लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई पहल किए हैं। देश में जल प्रबंधन के लिए अधिक तालमेल और सामंजस्य रखने के लिए एकीकृत जल शक्ति मंत्रालय का सृजन किया गया था।

हमारे सभी कार्यक्रम और प्रयास देश में इस तरह के सुसंगत समग्र जल प्रबंधन के लिए श्रेणीबद्ध करना है। 160 मिलियन घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्रदान करने



**गजेंद्र सिंह शेखावत**
(केंद्रीय जल शक्ति मंत्री)

के लिए दुनिया के सबसे बड़े पेयजल आपूर्ति कार्यक्रम जल जीवन मिशन के माध्यम से, आज 116 मिलियन से अधिक, यानी 60% घरों में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान किया गया है। हाल के अध्ययनों के अनुसार सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता से पांच वर्ष से कम आयु के 1.36 लाख बच्चों का जीवन बचाया जा सकेगा। हमारे अन्य प्रमुख अभियान, स्वच्छ भारत अभियान ने 100 मिलियन से अधिक शौचालयों के निर्माण से भारत को 100% खुले में शौच से मुक्त बना दिया, जिसने, डब्ल्यूएचओ के एक अध्ययन के अनुसार 3 लाख बच्चों के जीवन को बचाया। अब हम ओडीएफ+ के उद्देश्य के अनुसार सर्वोत्तम ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं से लैस गांवों का निर्माण करके "संपूर्ण स्वच्छता" की ओर बढ़ रहे हैं। भारत के सभी गांवों में से एक तिहाईसे अधिक आज ओडीएफ+ हो गए हैं।

देश में साझा किए गए जल प्रबंधन के प्रमुख कार्यकलापों के तहत, नमामि गंगे मिशन को पांच तरीकों से समग्र नदी कायाकल्प के लिए एक मॉडल के रूप में दिखाया गया था - प्रदूषण का प्रबंधन, नदी प्रवाह में निरंतरता बनाए रखना, लोकों नदी संपर्क में सुधार, नदी पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण और टिकाऊ आजीविका। हमारे प्रयासों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा विधिवत नोट किया गया है जिसने हमें प्राकृतिक दुनिया को पुनर्जीवित करने के लिए शीर्ष 10 विश्व बहाली फ्लैगशिप में से एक के रूप में मान्यता दी है।

भारत ने जलवायु लचीलापन के लिए रणनीतियों के माध्यम से जल संसाधन विकास पर किए गए कार्यों को भी साझा किया, जिसमें महत्वपूर्ण जल भंडारण के बुनियादी ढांचे और भागीदारी भूजल प्रबंधन के बेहतर प्रबंधन के लिए बांध पुनर्वास कार्यक्रम शामिल है - स्थायी भूजल प्रबंधन के लिए समुदायों को शामिल करना है।

जी20 की बैठक में, सभी संभावित स्तरों पर सहयोग की भूमिका पर सबसे अधिक जोर दिया गया जो प्रभावी जल संसाधन प्रबंधन में महत्वपूर्ण है। दूसरा, डब्ल्यूआरएम के कार्यान्वयन में पानी और भूजल की सामान्य समझ और सतत विकास के सिद्धांतों को एकीकृत करना महत्वपूर्ण है। विचार-विमर्श के अनुसार एक एकीकृत दृष्टिकोण के कुछ पहलू हैं: जल पारिस्थितिक तंत्र की निगरानी और मूल्यांकन में कार्यकलाप, मजबूत कानूनी और नीतिगत उपकरण और प्रौद्योगिकी, सहयोग और संयुक्त अनुसंधान।

प्रतिनिधिमंडल ने भारत की प्राचीन जल प्रबंधन प्रथाओं को देखने के लिए अडालज वाव में बावड़ी का भी दौरा किया। इसके बाद साबरमती साइफन संरचना का दौरा किया, जो एक आधुनिक इंजीनियरिंग चमत्कार है, जिसने चुनौतीपूर्ण जल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को डिजाइन और निष्पादित करने की भारत की क्षमता को प्रदर्शित किया। प्रतिनिधियों ने गुजरात की जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं का भी अनुभव किया।

दूसरी ईसीएसडब्ल्यूजीबैठक एक स्थायी और सुनिश्चित भविष्य की दिशा में जी20 देशों, आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रयासों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारे प्रधान मंत्री के नेतृत्व में, जल शक्ति मंत्रालय इस सामान्य उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से प्रत्येक में परिणामों को प्राप्त करने के लिए सभी हितधारकों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आखिरकार पीएपी चौक मुद्दे पर चुप क्यों हैं सभी राजनीतिक दल

## सेंट्रल हलके में पड़ते इस फ्लाईओवर के कारण परेशान लोग बड़े स्तर पर कर सकते हैं नोटा का इस्तेमाल

• **जालंधर ब्रीज.** विशेष रिपोर्टर





इंदर इकबाल सिंह अटवाल (भाजपा)



सुशील रिंकू (आप)



डॉ. सुखविंदर कुमार सुखी (शिअद)



कर्मजीत कौर चौधरी (कांग्रेस)

जालंधर लोकसभा उप चुनाव इस समय पूरी गर्म जोशी पर है और सभी राजनीतिक दल एक दूसरे पर वादाखिलाफी के दोष लगा रहे हैं। इसी से लोगों को भरमाने का प्रयास किया जा रहा है परन्तु लोग अब जल्दी किसी के बहकावे में नहीं आते। यह बात सियासत के बाबा बोहड़ कहे जाने वाले प्रकाश सिंह बादल को 95 वर्ष की आयु में जाकर लोगों ने हराकर समझा दी है। ऐसे ही अपने आपको बहुत बड़े नेशनलिस्ट होने का दावा करने वाले कैप्टन अमरिंदर सिंह को भी बड़ी अच्छी तरह से समझ लग गई। जिस नेता को अमित शाह और मोदी चुनाव से पहले बहुत भाव दे रहे थे, उनको शामिल करवाने के लिए नेशनल प्रेजिडेंट भी नहीं आए और ऐसा ही किसी समय उप-मुख्यमंत्री की दावेदारी ठोकने वाले मनोरंजन कालिया को लोगों ने दो बार हराकर भली-भाँति समझा दिया था कि जनता सब जानती है।

ऐसे में जो मौजूदा लोकसभा उपचुनाव चल रहा है उसमें पीएपी चौक के मुद्दे पर मौजूदा सरकार की एक साल से चुप्पी और कैंपेन में एक बार भी इस मुद्दे को हल करवाने की बात ना करना जनता को पसंद नहीं आ रह। ग्राउंड जीरो पर इस क्षेत्र के लोग जिस तरह आदमपुर फ्लाईओवर के मसले पर नोटा को तवज़्ज़ो दे रहे हैं, सूत्र बताते हैं कि सेंट्रल हलके में पड़ते इस फ्लाईओवर के कारण परेशान लोग नोटा का प्रयोग बड़े स्तर पर कर सकते हैं जिसका खामियाजा सीट हारकर देखना पड़ सकता है। क्योंकि लोगों का कहना की पूर्व सांसद चौधरी संतोख सिंह के जाने का उनको गहरा दुःख है परन्तु उनके द्वारा संसद में इस मुद्दे को गर्म जोशी से नहीं उठाया गया और आम आदमी की सरकार को भी एक साल हो गया है। इसी इलाके के पास हाल ही में नवनीत राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल द्वारा भी इस पर कोई कारगार कदम उठाने के लिए दिशा-निर्देश नहीं दिए गए जिस कारण मौजूदा उम्मीदवार सुशिल रिंकू को नुक्सान उठाना पड़ सकता है। भाजपा वैसे ही केंद्र में है जिसके द्वारा इस मुद्दे को सुलझाया जाना था परन्तु ख़ामोशी कुछ और ही ब्यान करती है।

शिरोमणि अकाली दल वैसे ही हाशिये पर जा चुका है और सिर्फ शहरी क्षेत्र में वोट बैंक को चेक करने के लिए इस चुनाव में उम्मीदवार उतारा है। अब देखते हैं आने वाले चुनावी नतीजे क्या ब्यान करते हैं और राजनीतिक पार्टियों की इस मुद्दे पर चुप्पी कहाँ लेकर जाती है।


जालंधर लोकसभा उपचुनाव में पीएपी चौंक का मुद्दा करेगा हार-जीत तय
जालंधर के भाजपा नेताओं ने पीएपी चौंक का मुद्दा केंद्रीय मंत्री समक्ष क्यों नहीं उठाया?

पिछले अंक में प्रकाशित खबर की कटिंग।



## अमन अरोड़ा ने जॉब पोर्टल को तकनीकी शिक्षा और उद्योग विभाग के साथ जोड़ने के दिए निर्देश

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**

पंजाब के रोज़गार उत्पत्ति, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा ने विभाग को हिदायत की है कि जॉब पोर्टल https://www.pgrkam.com को तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण और उद्योग विभाग के पोर्टलों के साथ जोड़ा जाये जिससे इन विभागों के पास उपलब्ध हुनरमंद श्रमिकों के बारे जानकारी को भी जॉब पोर्टल पर यकीनी बनायी जा सके। यहाँ पंजाब भवन में सम्बन्धित विभागों के सीनियर अधिकारियों के साथ समीक्षा मीटिंग की अध्यक्षता करते हुये अमन अरोड़ा ने कहा कि यह कदम इस प्लेटफार्म पर हुनरमंद श्रमिकों के आंकड़ों की रियल टाईम अप्डेशन में सहायक सिद्ध होगा। अलग- अलग औद्योगिक संस्थानों और उद्योगों की तरफ से मानवीय साधनों की ज़रूरतों पूरी करने के लिए इस पोर्टल का प्रयोग किया जाता है।

उन्होंने अधिकारियों को प्लेसमेंट सेल और ज़िला रोज़गार एवं उद्यम ब्यूरो (डीबीईई) के बारे नौजवानों को और जागरूक करने के लिए कहा जिससे नौजवानों को इन केन्द्रों में ख़ुद को रजिस्टर करने के लिए उत्साहित किया जा सके, जिससे उनको आज के समय में उपलब्ध रोज़गार के नये मौकों के बारे जानकारी मिल सकेगी। अमन अरोड़ा ने अधिकारियों को जॉब पोर्टल पर हुनरमंद दिव्यांग व्यक्तियों की रजिस्ट्रेशन करने पर विशेष ज़ोर देने के इलावा जॉब पोर्टल पर रजिस्टर्ड श्रमिकों की रोज़गार प्राप्ति में मदद के लिए मुहिम चलाने के लिए भी कहा।

इस दौरान सचिव रोज़गार उत्पत्ति, कौशल विकास और प्रशिक्षण कुमार राहुल और डायरैक्टर दीप्ति उप्पल ने कैबिनेट मंत्री को बताया कि पंजाब कौशल विकास मिशन (पीएसडीएम) द्वारा नेशनल अप्रैंटिसशिप प्रोग्राम (एनएपी) के अंतर्गत 10 हज़ार से अधिक विद्यार्थियों का नाम दर्ज करवाया गया है।

इस मीटिंग में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा जसप्रीत तलवार, सचिव व्यय मोहम्मद तैय्यब, डायरैक्टर तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण श्री डी. पी. एस. खरबन्दा और एम. डी इनफोटैक श्री महेन्दर पाल के इलावा अन्य सीनियर अधिकारी भी उपस्थित थे।

## पंजाब की जेलों को गैंगस्टरों का 'सेफ हाउस' बनाने वालों का हुआ पर्दाफाश : मलविंदर कंग

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**



आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह ने कहा कि कंग्रेस की पिछली सरकार ने पंजाब की जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को बचाने के लिए पंजाब के खजाने में बड़े स्तर पर हेराफेरी की है।

गुरुवार को पार्टी कार्यालय से जारी एक बयान में कंग ने कहा कि जनता के पैसे के दुरूपयोग का इससे बड़ा उदाहरण क्या होगा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने सत्ता का दुरूपयोग कर मोस्ट वांटेड गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को राज्य की जेलों में मेहमान बनाकर रखा था।

उन्होंने कहा कि कंग्रेस द्वारा अपराधियों को दिए राजनीतिक संरक्षण से जहां लोगों के टैक्स के पैसे का दुरूपयोग हुआ,वहीं इस से गैंगस्टरवाद का भी जन्म हुआ जिसे कांग्रेस के नेताओं ने आगे बढ़ाया। कंग ने कहा कि जेलों को गैंगस्टरों के लिए 'सेफ हाउस' बनाने वालों का सच अब सामने आ गया है। इसके अलावा अपराध और नशे की तस्करी में शामिल कुछ वर्दीधारी लोगों के गठजोड़ को भी सरकार ने तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब को बर्बाद करने की साजिश में जो भी शामिल होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी इस मामले पर ट्वीट कर कहा, 'यूपी के अपराधी को रोपड़ जेल में बेहतर सुविधाओं के साथ रखा गया था। 48 बार वारंट जारी होने के बावजूद उसे पेश नही किया गया। महंगे वकील किए.. खर्च 55 लाख..मैंने लोगों के टैक्स से खर्चे पैसों वाली फाइल वापस कर दी..जिन मंत्रियों के आदेश पर यह फैसला लिया गया खर्चा उनसे वसूलने की परंपरा के बारे में विचार...

### पंजाब पुलिस ने चलाया राज्य स्तरीय ऑपरेशन

## 3947 संदिग्ध व्यक्तियों की ली तलाशी

*स्पैशल डीजीपी अर्पित शुक्ला ने कहा कि 422 पुलिस पार्टियों ने राज्य भर में 3618 बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं की चैकिंग की*

• **जालंधर ब्रीज.चंडीगढ़**




राज्य भर में बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं के आसपास चौकसी को और पुख़्ता करते हुए पंजाब पुलिस ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे अदारों के आसपास घूमते 3947 संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली है। पंजाब पुलिस के डायरैक्टर जनरल ( डी. जी. पी.) गौरव यादव के दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए पंजाब पुलिस की तरफ से बुधवार को बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं के आसपास घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग करने के लिए एक विशेष मुहिम चलाई गई। यह ऑपरेशन राज्य के सभी 28 पुलिस जिलों में चलाया गया था और सीपीज/एसएसपीज़ को निर्देश दिए गए थे कि वे निजी तौर पर इस ऑपरेशन की निगरानी करें और इस ऑपरेशन को पूरा करने के लिए अपेक्षित संख्या में पुलिस टीमें बनाएं।

विशेष डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि एसपीज़/डीएसपीज़ की निगरानी अधीन 2000 से अधिक पुलिस मुलाजिमों के मेल वाली 422 पुलिस पार्टियों ने वित्तीय संस्थाओं, ख़ास कर बैंकों के आसपास घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली। पुलिस टीमों ने बुधवार को ऐसे 3618 अदारों की चैकिंग की। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन को अंजाम देने का मुख्य मकसद समाज विरोधी तत्वों में पुलिस का डर पैदा करना है और आम लोगों में सुरक्षा की भावना का संचार करना है। स्पैशल डीजीपी ने बताया कि सभी पुलिस टीमों को लोगों की शिनाख़्त करते समय विनम्रता के साथ पेश आने और आम लोगों के लिए कम से कम असुविधा को यकीनी बनाने के लिए कहा गया था। उन्होंने दोहराया कि पंजाब को अपराध मुक्त राज्य बनाने के लिए ऐसी कार्रवाईयां जारी रहेंगी।

## भगवान परशुराम चौक का निर्माण पूरा करवाने के लिए दिया 3 लाख रुपए का चैक



• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

कैबिनेट मंत्री पंजाब ब्रम शंकर जिंपा ने कहा कि पुरानी कचहरी रोड पर भगवान परशुराम जी के भव्य चौक के निर्माण व इसकी भव्यता को बरकरार रखने के लिए किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। वे आज भगवान परशुराम सेना के अध्यक्ष पंडित आशुतोष शर्मा को चौक के निर्माण के लिए 3 लाख रुपए का चैक सौंपने के दौरान उपस्थिति को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ मेयर सुरिंदर कुमार, सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीन सैनी, दि होशियारपुर कोआप्रेटिव सैंट्रल कोआप्रेटिव बैंक के चेयरमैन विक्रम शर्मा, पार्षद प्रदीप बिट्टू, राजेंद्र मोदगिल व अन्य गणमान्य भी मौजूद थे।

## लोकसभा उपचुनाव : चुनाव निगरान जांलधर पहुंचे

### जनरल आब्जर्वर, पुलिस एवं खर्च निगरान ने डीसी व अन्य अधिकारियों के साथ चुनाव प्रबंधों की समीक्षा की

• **जालंधर ब्रीज.जालंधर**




लोकसभा उपचुनाव के लिए भारतीय चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त जनरल, पुलिस और खर्च आब्जर्वर आज यहां पहुंचे और जिला चुनाव अधिकारी सहित चुनाव प्रक्रिया में शामिल सभी नोडल अधिकारियों को पूरी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, उचित और पारदर्शी ढंग से पूरी करवाने की बात कही। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा 2003 बैच के आईएएस अधिकारी डा. प्रीतम बी यशवंत को जनरल ऑब्जर्वर ,2006 बैच के आईपीएस अधिकारी उज्ज्वल कुमार भौमिक को पुलिस ऑब्जर्वर और 2012 बैच के आईआरएस अधिकारी राजीव शंकर किटूर को खर्च ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। जिन्होंने आज से विभिन्न चुनाव प्रक्रियाओं की समीक्षा शुरू की।

स्थानीय जिला प्रशासकीय परिसर में पहुंचे चुनाव पर्यवेक्षकों ने प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों और राजनीतिक प्रतिनिधियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने और जिले में चुनाव प्रक्रिया हर हाल में उचित ढंग से करवाने की बात की lउन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के उल्लंघन पर बिना किसी देरी कार्रवाई की जाए और कानून व्यवस्था को पूरी तरह से बनाए रखते हुए विभिन्न राजनीतिक गतिविधियों पर होने वाले चुनावी खर्च पर भी पूरी निगरानी रखी जाए। डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी जसप्रीत सिंह ने पर्यवेक्षकों को चुनाव तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा क्षेत्र में कुल 1618512 मतदाता है, उन्होंने बताया कि 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 38313 तथा दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 10526 है। उन्होंने कहा कि फिल्लौर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 199776 मतदाता है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों और पुलिस विभाग के अधिकारियों के तालमेल से विभिन्न चुनाव गतिविधिया करवाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि जिले में 1972 मतदान केंद्र है और सभी मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग सहित अन्य जरूरी सुविधाओं का भी प्रबंध है। उन्होंने चुनाव पर्यवेक्षकों को बताया कि 9 विधानसभा क्षेत्रों में 542 संवेदनशील बूथों की पहचान की गई है, जहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है।

## एडीजी पीआईबी चंडीगढ़ ने सरकार की संचार रणनीतियों पर प्रकाश डाला



• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

पंजाब विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन स्टडीज ने चंडीगढ़ में पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के सहायक महानिदेशक (एडीजी) रजिंदर चौधरी द्वारा एक व्याख्यान की मेजबानी की। "सरकारी मीडिया संरचना और सोशल मीडिया" शीर्षक वाला व्याख्यान, सरकार की संचार रणनीतियों पर प्रकाश डालता है।

बातचीत के दौरान रजिंदर चौधरी ने शासन में प्रभावी संचार के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि "सरकार के लिए जनता तक पहुंचने और उन्हें सटीक और समय पर जानकारी प्रदान करने के लिए संचार एक महत्वपूर्ण उपकरण है।" उन्होंने सूचना का प्रसार करने के लिए सरकार द्वारा उपयोग किए जाने वाले विभिन्न संचार साधनों पर भी चर्चा की और जनता को अपनी नीतियों और पहलों को संप्रेषित करने में सरकार के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान किया।

## आईपीएल में कोहली ने पूरे किए 600 चौके

**मुंबई.** विराट कोहली ने आज पंजाब के खिलाफ अर्धशतकीय पारी खेलकर आईपीएल में 600 से ज्यादा चौके लगाने का रिकॉर्ड बना दिया है। आइए हम आपको बताते हैं कि इस लिस्ट में टॉप-5 बल्लेबाज कौन हैं। आईपीएल 2023 में विराट कोहली का बल्ला खूब बोल रहा है। विराट ऑरेंज कैप की रेस में अपने ही टीम के कप्तान फॉफ डु-प्लेसिस के बाद दूसरे नंबर पर मौजूद हैं। ऐसे में उनके नए रिकॉर्ड्स बनना भी लाजमी है। विराट कोहली आईपीएल में अब 600 से ज्यादा चौके मारने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। विराट ने पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान यह नया रिकॉर्ड अपने नाम किया है। आइए हम आपको उन टॉप पांच बल्लेबाजों के बारे में बताते हैं, जिन्होंने आईपीएल में सबसे ज्यादा चौके मारे है।




फोटो- आईपीएल

इस लिस्ट में पहला नाम शिखर धवन का है। शिखर धवन ने आईपीएल की 209 पारियों में अब तक कुल 730 चौके लगाए हैं। लिहाजा, धवन आईपीएल में सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले बल्लेबाज हैं. इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर डेविड वॉर्नर का नाम मौजूद है। वॉर्नर ने आईपीएल की 167 पारियों में अब तक कुल 608 चौके लगाए हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर विराट कोहली का नाम है। विराट कोहली ने आईपीएल की 221 पारियों में अबतक 603 चौके लगाए हैं।

इस लिस्ट में चौथे नंबर पर रोहित शर्मा का नाम मौजूद है। रोहित शर्मा ने आईपीएल की 227 पारियों में अब तक कुल 535 चौके लगाए हैं। इस लिस्ट में पांचवे नंबर पर सुरेश रैना का नाम है। रैना ने अपने आईपीएल करियर में कुल 200 पारियों में बल्लेबाजी की थी, जिसमें उन्होंने कुल 506 चौके लगाए थे।

## जनता समझ चुकी है कि अब भाजपा ही है पंजाब का भविष्य : अश्वनी शर्मा

*भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल संयुक्त गठबंधन की अहम बैठक हुई संपन्न*

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा तथा शिरोमणि अकाली दल संयुक्त के सीनियर नेता व पूर्व मंत्री परमिंदर सिंह ढींडसा की अध्यक्षता में भाजपा और शिरोमणि अकाली दल संयुक्त गठबंधन की एक अहम बैठक भाजपा चुनाव कार्यालय, लाजपत नगर, जालंधर में हुई, जिसमें भाजपा व शिअद संयुक्त गठबंधन के नेताओं ने भाग लिया। इस बैठक में जालंधर लोकसभा चुनाव संबंधी रणनीति पर विस्तृत चर्चा करते हुए नेताओं की लोकसभा चुनाव हेतु जिम्मेवारियां लगाई।

अश्वनी शर्मा ने उपस्थित नेताओं को भाजपा व शिअद संयुक्त के संयुक्त प्रत्याशी इंद्र इकबाल सिंह अटवाल को विजयी बनाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि एक साल बाद आज पंजाब की स्थिति यह है कि राज्य की जनता आप सरकार से तंग आ चुकी है और अब बदलाव चाहती है। जनता ने भारतीय जनता पार्टी को पंजाब में बदलाव के रूप में चुन लिया है। इसका कारण यह है कि लोग अब भाजपा के शासन वाले गुजरात, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश व हरियाणा जैसे राज्यों में की गई तरक्की के नए मुकाम देख रहे हैं और उन्हें पूर्ण विश्वास हो चुका है कि भाजपा ही अब पंजाब का भविष्य है।

## 16 अप्रैल की अप्वाइंटमेंटस लेने वाले उम्मीदवारों को एक और मौका

• **जालंधर ब्रीज.जालंधर**

आरपीओ जालंधर के तहत आते तीन पासपोर्ट सेवा केंद्रों पीएसके जालंधर-1, पीएसके जालंधर-2 व पीएसके होशियारपुर में 14 अप्रैल 2023 को अप्वाइंटमैंट वाले उम्मीदवारों को दोबारा अप्वाइंटमेंट का विशेष मौका दिया गया है। दरअसल 14 अप्रैल को डा. अंबेडकर जयंती आने के कारण पासपोर्ट दफ्तरों में छुट्टी थी जिस वजह से काम नहीं हुआ। पासपोर्ट दफ्तर जालंधर के निवेदन पर केंद्रीय विदेश मंत्रालय द्वारा इन सभी उम्मीदवारों की अप्वाइंटमेंटस 22 अप्रैल 2023 को शिफ्ट कर दी गई है। विभाग ने उम्मीदवारों को एसएमएस चैक करते रहने की अपील की है।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.